StudentBounty.com

INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL- DAMMAM

SUMMATIVE ASSESSMENT – 1 (2013-2014)

CLASS – VII MAX.MARKS- 90

SUB – HINDI TIME - 3 HOURS

SET-B

सामान्य निर्देश :-

- इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं – **क** और **ख**।
- दोनों खंडों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।
- कुल प्रश्न 20 हैं।

**( खंड – क )**

**1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए – 5marks**

लाल कण बनावट में बालूशाही की तरह ही होते हैं। गोल और दोनों तरफ अवतल, यानि बीच में दबे हुए। रक्त की एक बूँद में इनकी संख्या लाखों में होती है। यदि हम एक मिलीलिटर रक्त लें तो उसमें हमें चालीस से पचपन लाख कण मिलेंगे। इनके कारण ही हमें रक्त लाल रंग का नज़र आता है। ये कण शरीर के लिए दिन-रात काम करते हैं। इनका जीवन काल लगभग चार महीने होता है। चार महीने के होते-होते ये नष्ट हो जाते हैं।

**(i) लाल कण बनावट में कैसे होते हैं ?**

(क) जलेबी की तरह (ख) बालूशाही की तरह (ग) बर्फी की तरह

**(ii)लाल कण शरीर के लिए कब काम करते हैं ?**

(क) दिन में (ख) रात में (ग) दिन-रात

**(iii) एक मिलीलिटर रक्त में कितने लाल कण होते हैं ?**

(क) दस से बीस लाख (ख) चालीस से पचपन लाख (ग) दो से चार लाख



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

**(iv) लाल कणों का जीवन काल लगभग कितना होता है ?**

(क) चार महीने (ख) दो महीने (ग) सात महीने

**(v) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?**

(क) रक्त और तुम्हारा शरीर (ख) रक्त और शरीर (ग) रक्त और हमारा शरीर

**2.निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए - 5marks**

कठपुतली

गुस्से से उबली

बोली- ये धागे

क्यों हैं मेरे पीछे – आगे ?

इन्हें तोड़ दो ;

मुझे मेरे पाँवों पर छोड़ दो ।

**(i) कठपुतली ------------------- से उबली ।**

(क) पानी (ख) दूध (ग) गुस्से

**(ii) इस कविता के कवि हैं-**

(क) प्रेमचंद (ख) भवानीप्रसाद मिश्र (ग) शिवमंगल सिंह

**(iii) कठपुतली क्या तोड़ने को कह रही है ?**

(क) जंजीर (ख) रस्सी (ग) धागे

**(iv) पाँव का अर्थ है –**

(क) सिर (ख) पैर (ग) हाथ

**(v) कठपुतली किस पर खड़ी होना चाहती है ?**

(क) घुटनों पर (ख) दूसरों के पाँवों पर (ग) अपने पाँवों पर



StudentBounty.com
www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

**3.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए - 5marks**

मिठास और नम्रता वाणी के आभूषण हैं। बिना विचारे कभी नहीं बोलना चाहिए। ऐसी वाणी बोलनी चाहिए जो प्रेम भावना से भरी हुई हो। वाणी के दुरुपयोग से सदैव बचना चाहिए। अभिमान, रूखापन, अपनी प्रशंसा , दूसरों की निंदा, कटु तथा अपमानजनक वचन, चुगली, झूठी खुशामद तथा गाली-गलौच – यह है वाणी का दुरुपयोग। वाणी के सदुपयोग के चार मन्त्रों का प्रयोग करने वाला दूसरों को वश में कर लेता है। ये मन्त्र हैं – ' धन्यवाद !' 'मैं आपका कृतज्ञ हूँ। ' 'मैं आभारी हूँ।' 'क्षमा कीजिए।'

**(ii)मिठास और नम्रता वाणी के क्या हैं ?**

(क) विभूषण (ख) विभीषण (ग) आभूषण

**(ii) हमें कैसी भावना से भरी हुई वाणी बोलनी चाहिए ?**

(क) प्रेम (ख) घृणा (ग) नफरत

**(iii)हमें वाणी के किस प्रयोग से बचना चाहिए ?**

(क) सदुपयोग (ख) दुरुपयोग (ग) सुयोग

**(iv)वाणी के सदुपयोग के कितने मन्त्र हैं ?**

**(क)** तीन (ख) पाँच (ग) चार

**(v)उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक चुनिए ।**

**(क)** झूठी खुशामद (ख) मीठी वाणी बोलिए (ग) अभिमान

**4. "मेरा मित्र / मेरी सहेली " विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5marks**

**5.अपनी किसी भूल के लिए क्षमा माँगते हुए माँ को पत्र लिखिए। 5marks**

**6.निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनामों के भेद लिखिए – ( Any 4 ) 4marks**

(i) <u>जैसी</u> करनी <u>वैसी</u> भरनी।

(ii) <u>यह</u> पतंग मेरी है।

(iii) तुम <u>क्या</u> कर रहे हो ?



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

(iv) गोकुल <u>स्वयं</u> पढ़ता है।

(v) दाल में <u>कुछ</u> काला है।

**7.निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए – ( Any 3 )** **3marks**

(i) साथ पढ़ने वाला (ii) नीचे लिखा हुआ (iii) ऊपर कहा गया (iv) हाथ से लिखा हुआ

**8.निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए – ( Any 3 )** **3marks**

(i) दूशित (ii) बींबाणु (iii) उढ़ान (iv) संस्क्रति (v) पींजरबद्ध

**9.निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए – ( Any 3 )** **3marks**

(i) आदर (ii) आसान (iii) अपमान (iv) चल

**10.निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए – ( Any 3 )** **3marks**

(i) मछली (ii) आकाश (iii) सेवक (iv) किरण

**11.निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए – ( Any 3 )** **3marks**

(i) मोर (ii) लेखक (iii) सुनार (iv) नाग

**12.निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए – ( Any 3 )** **3marks**

(i) नारी (ii) भाषा (iii) सड़क (iv) छुट्टी

**13.निम्नलिखित का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -** ½ x10= 5 **marks**

**(i)** हमें सबसे प्रेम करना चाहिए, ------------------- नहीं। **(प्रेम का विलोम शब्द लिखिए)**

**(ii)** ------------------ ने हमें पाठ पढ़ाया। **(शिक्षक का पर्यायवाची शब्द लिखिए)**

**(iii)** सलमान खान एक अच्छा --------------------- है। **(अभिनेत्री / अभिनेता )**

**(iv)** -------------- आगरा का मशहूर व्यंजन (है। **( पेठा / पाव भाजी )**



StudentBounty.com

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

(v) डॉक्टर --------------- यंत्र द्वारा स्लाइड की जाँच कर रही थीं। (दूरदर्शी / सूक्ष्मदर्शी)

StudentBounty.com

(vi) जोड़े बनाओ – (क) (ख)

| (क) | | (ख) | |
|---|---|---|---|
| (क) | सफ़ेद रक्त कण | (i) | बैंक |
| (ख) | फ़ास्ट फूड | (ii) | गगन |
| (ग) | संतुलित | (iii) | वीर सिपाही |
| (घ) | पंछी | (iv) | नूडल्स |
| (ङ) | ब्लड | (v) | आहार |

(खंड – ख)

14. किन्हीं चार शब्दों के अर्थ लिखिए – ( Any 4 ) **4marks**

(i) रक्त (ii) जटिल (iii) एनीमिया (iv) उपलब्ध (v) आपातस्थिति

15. किन्हीं चार शब्दों के वाक्य बनाइए – ( Any 4 ) **4marks**

(i) रक्तदान (ii) जटिल (iii) व्यंजन (iv) शरीर (v) आपातस्थिति

16. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए – (Any 2) **2marks**

(i) पुलिस ने चोर को पकड़ी । (ii) मै हिन्दी पढ़ता है ।

(iii) अदनान कल मक्का को जाएगा । (iv) हम भारतीय है ।

17. निम्नलिखित में किन्हीं दों प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (Any 2) **4x2=8marks**

(i) पेट में कीड़े क्यों हो जाते हैं ? इससे कैसे बचा जा सकता है ?

(ii) खानपान की मिश्रित संस्कृति से लेखक का क्या मतलब है ? अपने घर का उदाहरण देकर इसकी व्याख्या करें ?

(iii) पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं ?



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

**18.निम्नलिखित में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (Any 2)** **3x2=6marks**

(i) रक्त के सफ़ेद कणों को वीर सिपाही क्यों कहा गया है ?

(ii) फ़ास्ट फूड क्या है? इसके लाभ और हानि क्या-क्या हैं ?

(iii) भाव स्पष्ट कीजिए – या तो क्षितिज मिलन बन जाता है या तनती साँसों की डोरी।

**19.निम्नलिखित में किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (Any 4) 2x4=8marks**

(i) रक्त के बहाव को रोकने के लिए क्या करना चाहिए ?

(ii) हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते ?

(iii) खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है ?

(iv) खून को "भानूमती का पिटारा" क्यों कहा जाता है ?

(v) (क) कविता "हम पंछी उन्मुक्त गगन" के रचयिता कौन हैं ?

(ख) खून के तरल भाग को क्या कहते हैं ?

**20.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (Any 6)** **1x6=6marks**

(i) दिव्या को अस्पताल कौन ले गया ?

(ii) कठपुतली किसके इशारों पर नाचती है ?

(iii) कौन पिंजरे में बंद रह कर नहीं गा सकते ?

(iv) ढोकला किस राज्य का मशहूर व्यंजन है ?

(v) दक्षिण भारत के किन्हीं चार व्यंजनों के नाम लिखिए ।

(vi) किस उम्र के व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं ?

(vii) "खानपान की बदलती तस्वीर" पाठ के लेखक का नाम लिखिए ।



www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers